मुंबई में करोड़ों की नकली दवा जब्त, 7 साल से डुप्लीकेट मेडीसिन बना रही थी कंपनी

मुंबई में आयुर्वेद के नाम पर नकली दवा बना रही घरवार फार्मा प्राईवेट लिमिटेड पर एफडीए ने रेड मारी थी. एफडीए ने फर्जी दवा बनाने वाली कंपनी पर छापा मारकर 1 करोड़ 27 लाख रुपये की नकली दवा जब्त की है. वहीं करीब 2 करोड़ 93 लाख 255 रुपये की मशीनों को भी सीज किया है.

छापेमारी वसेई के गीता गोविंद इंडस्ट्री नावघर के शैलेश इंडस्ट्री के 20 नंबर गली में की गई. कार्रवाई में सामने आया कि कंपनी पिछले करीब 7 सालों से नकली दवाओं का निर्माण कर रही थी. ये कंपनी घरवार फार्मा प्रोडक्ट प्राईवेट लिमिटेड और रूसब फार्मा के नाम से थी. इसका लाइसेंस पंचकुला का है, लेकिन दवा का प्रोडक्शन वसेई में शुरू था. जॉइंट कमिश्नर एफडीए विजलिंस डॉ.राहुल खाडे के अनुसार एफडीए ने रेड कर 1 करोड़ 27 रुपये का का माल और मशीनरी जब्त की है. एफडीए के अधिकारियों ने जब रेड की तो पता चला कि कंपनी के पास हरियाणा के पंचकुला में दवा बनाने का लाइसेंस था. वहीं कंपनी पालघर में अवैध निर्माण कर रही थी.

Source: https://www.aajtak.in/india/maharashtra/story/mumbai-fake-medicine-seized-fda-raid-on-company-duplicate-products-manufacturing-for-7-years-lclm-1992379-2024-07-25